



## एक नजर में

### दो दिवसीय परम्परा कार्यक्रम का आयोजन आज से

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** माणिक्य स्मारक वाचनालय, खंडवा के तत्वावधान में भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समर्पित दो दिवसीय कार्यक्रम 'परम्परा' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में नगर के साहित्य, संगीत और संस्कृति प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है।

22 फरवरी को सायं 6 बजे व्याख्यानमाला आयोजित होगी। इसमें वरिष्ठ वक्ता डॉ. संदीप भट्ट (प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं संचार अध्ययन) द्वारा सनातन जीवन मूल्य एवं भारतीय समाज विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा। वहीं 23 फरवरी को सायं 6 बजे संगीत एवं नृत्य संध्या का आयोजन होगा। इसमें ग्वालियर से पधारे कलाकारों द्वारा शास्त्रीय गायन एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का लुफ्त उठा रहे भक्त

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर नर्मदा के तट पर भागवतकथा में कृष्ण जन्म उत्सव अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पं.धर्मेन्द्र कृष्ण नागरजी ने बताया भगवान जब भी अवतार लेते हैं धर्म स्थान के लिए लेते हे मनुष्य को भी अपने जीवन में धर्म की स्थापना करनी चाहिए क्योंकि धर्म हमे सत्कर्म करना सिखाता है कथा के अनुसार मानव को धर्म का पालन करना चाहिए धर्म हमे सही कर्म का मार्ग दिखाता है अच्छे कर्म करने से पाप से मुक्ति मिलती है पाप से मुक्त होने पर दु:ख से भी बचाव होता है। धार्मिक नगरी ओकारेश्वर में 17 से 23 फरवरी तक आयोजित कथा का रसपान करने दोपहर 2:00 बजे से 5:00 तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा घाट पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं



### नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों में फसल कटने के बाद नरवाई ना जलाएं, क्योंकि नरवाई जलाने से खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति तो कम होती ही है, साथ ही पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि नरवाई को जलाएं नहीं, बल्कि हैप्पी सीडर, सुपरसीडर, रोटावेटर एवं मल्चर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों से नरवाई प्रबंधन करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध अर्थदंड लगाने की कार्यवाही तो करें ही साथ ही प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत भी नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

### सीएसआर मद से निजी संस्थान को लाभ देने पर सैलानी ग्राम पंचायत में विवाद




नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** ग्राम पंचापत सैलानी मे सीएसआर के मद से निजी संस्थान को लाभ पहुंचाने तथा ग्राम पंचायत सैलानी के ग्रामीणों को मुलभुत सुविधा से वंचित रखने के मामले मे उठने लगे सवालिया निशान एनएचडीसी लिमिटेड द्वारा सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) मद से निर्मित पानी की टंकी एवं गार्डन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्राम पंचापत सरपंच शेरू यादव ,महेश यादव अन्य ग्रामीणों के अनुसार, लगभग 20 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है, वही लगभग इतनी ही राशी से गार्डन जैन तीर्थ सिद्धवरकुट को लाभ दिए जाने की चर्चा होने लगी है लेकिन इसका लाभ गांव के आम नागरिकों को नहीं मिल रहा है। उनका आरोप है कि उक्त टंकी से ग्रामीणों को नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही, जबकि समीप स्थित जैन सिद्धक्षेत्र के निजी होटल/रिसोर्ट को इसका सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। ऐसे में सीएसआर फंड का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जाना चाहिए था।

ग्रामीणों ने मांग की है कि पानी की टंकी के निर्माण, लागत एवं जल आपूर्ति व्यवस्था की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि इसका वास्तविक लाभ ग्रामवासियों को मिले।

ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि सार्वजनिक धन का उपयोग जनहित में सुनिश्चित किया जा सके।

### स्वास्थ्य शिविर में 247 मरीजों का उपचार किया

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** नागरिकों को उनकी पात्रता अनुसार सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत शनिवार को हरसूद विकासखण्ड के ग्राम सिवरिया व धारूखेड़ी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों का नि:शुल्क उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि ग्राम सिवरिया में आयोजित शिविर में कुल 147 मरीजों तथा ग्राम धारूखेड़ी में आयोजित शिविर में 100 मरीजों का उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में मरीजों की उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन व सिकलसेल की जांच कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई। टी.बी. के संभावित मरीजों का स्पुटम कलेक्शन भी किया गया। शिविर में 48 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में चिकित्सक, सुपरवाइजर, सी.एच.ओ., एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं ने सेवाएं दीं।

# गांधी भवन के सामने जलाया राहुल गांधी का पुतला

नवभारत न्यूज




**खंडवा।** दिल्ली में आयोजित 'एआई समिट' के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को खंडवा की सड़कों पर भारी हंगामा और आक्रोश देखने को मिला। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शहर के प्रमुख मार्गों पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस कार्यालय गांधी भव' के ठीक सामने नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया और इस कृत्य के लिए कांग्रेस से देशव्यापी माफी की मांग की।

शनिवार शाम 5 बजे बड़ी संख्या में भाजपा और भाजयुमो के कार्यकर्ता पेट्रोल पंप तिराहे पर एकत्रित हुए। यहाँ से जुलूस के रूप में निकलते हुए कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद, कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के नारेबाजी की। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महापौर अमृता अमर यादव और जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज की उपस्थिति में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गांधी भवन के सामने राहुल गांधी का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं और नेताओं ने कांग्रेस की राजनीति को शर्मनाक करार दिया।

विरोध सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज तकनीकी नवाचार और वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। दिल्ली में आयोजित एआई समिट भारत की बढ़ती वैश्विक साख का प्रतीक है, लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी इस प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। तोमर ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विदेशी मेहमानों और राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करना न केवल कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दर्शाता है, बल्कि इससे समूचे राष्ट्र का सिर शर्म से झुक गया है। यह प्रदर्शन राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता का प्रमाण है।

महापौर अमृता अमर यादव ने अपने संबोधन में कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम विरोध करना होता है, लेकिन कांग्रेस अब भाजपा का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगी है। उन्होंने कहा कि जिस समय भारत मंडपम में 100 से अधिक देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ और 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को देख रहे थे, उस समय कांग्रेस समर्थक देश को अपमानित करने की साजिश रच रहे थे। महापौर ने दो टूक शब्दों में कहा कि कांग्रेस को इस घृणित राजनीति के लिए पूरे राष्ट्र से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

### जनता देख रही है कांग्रेस का असली चेहरा : भाजपा पदाधिकारी

जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज और युवा मोर्चा महामंत्री पुनीत चौरसिया ने भी प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई समिट जैसा आयोजन पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है, जिससे भारत की साख बढ़ी है। लेकिन जब-जब देश को दुनिया भर से सम्मान मिलता है, तब-तब कांग्रेस कोई न कोई नया कृत्य कर देश की छवि खराब करने की कोशिश करती है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, प्रवक्ता सुनील जैन, गणेश गुरबाणी, सुधांशु जैन, प्रियांशु चौरे, प्रदीप यादव, हरीश सेन, दिनेश पालीवाल, मंगलेश तोमर, सागर आरतानी, अनिल भगत, चंद्रेश पचौरी कार्यालय मंत्री भरत पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि राष्ट्र के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाली राजनीति का अंत जनता स्वयं करेगी।

## भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आधुनिक शिक्षा के समन्वय पर विशिष्ट व्याख्यान

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में एनईपी सारथी गतिविधि अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र द्वारा 'पारंपरिक ज्ञान एवं आधुनिक शिक्षा का सहयोजन' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रीमती गीतिका चतुर्वेदी, सारथी समन्वयक शिवम इंगला, डीन डॉ. योगेश महाजन, प्रो. ज्योति गौर वर्मा सहित विश्वविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। बीज वक्ता आचार्य प्रभु नारायण मिश्र ने भारतीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिकता और जीवनोपयोगी स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद-शास्त्रों में निहित ज्ञान आधुनिक शिक्षा को दिशा प्रदान करता है। उन्होंने रामायण एवं महाभारत के उदाहरणों से नैतिक मूल्यों और जीवन प्रबंधन के सिद्धांत समझाए।

कुलसचिव रवि चतुर्वेदी ने भारतीय ज्ञान को दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता बताई। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु अरुण रमेश जोशी ने राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए भारतीय भाषा, संस्कृति एवं परंपरा के संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ज्योति गौर वर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन प्रो. देवास उईके ने किया।

## रिश्ते हुए शर्मसार, मूंदी पुलिस ने आरोपी को दबोचकर भेजा जेल

नवभारत न्यूज




**मूंदी।** रिश्तों को कलंकित करने वाला एक गंभीर मामला खंडवा जिले के थाना मूंदी अंतर्गत ग्राम गेहलगांव से सामने आया है। यहाँ एक ममेरे भाई ने अपनी ही बहन के विश्वास का फायदा उठाकर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। खंडवा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए मूंदी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गेहलगांव की रहने वाली फरियादिया पिछले 13 वर्षों से अपने माता-पिता के साथ रह रही है। घटनाक्रम तब शुरू हुआ जब करीब पांच माह पहले पीड़िता घर में अकेली थी और उसके माता-पिता मजदूरी पर गए हुए थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले उसके मामा का लड़का विक्रम पिता गोविंद बलाई घर में घुस आया और पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध उसके साथ खोटा काम किया। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी थी कि यदि उसने यह बात किसी को बताई तो वह उसे खत्म कर देगा। इस डर के कारण पीड़िता लंबे समय तक चुप रही, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने दो-तीन बार और उसके साथ गलत काम किया।

परेशान होकर पीड़िता ने अंतत: अपनी मां को पूरी आपबीती सुनाई और परिजनों के साथ थाना मूंदी पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध क्रमांक 55/26 के तहत बी.एन.एस. की विभिन्न धाराओं 64(2)(M), 64(2)(ञ), 332(B) और 351(3) में मामला पंजीबद्ध किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं एसडीओपी मूंदी मनोहर सिंह गवली के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. राजेन्द्र नरवरिया व चौकी प्रभारी आर एस मालवीय के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। आरोपी विक्रम पिता गोविन्द बलाई (उम्र 27 साल) को उसके गांव गेहलगांव से तत्काल घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को आरोपी को न्यायालय खंडवा के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से न्यायालय के आदेश पर उसे जिला जेल खंडवा भेज दिया गया है।

## ओंकारेश्वर की राजस्व भूमि आवंटन पर बढ़ा विवाद, जनप्रतिनिधियों ने जताई आपत्ति

नवभारत न्यूज



**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में वर्ष 2019 से अब तक नगर परिषद की स्वीकृति के बिना महत्वपूर्ण राजस्व भूमि मध्य प्रदेश पर्यटन विकास एवं संस्कृति विभाग को आवंटित किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने इसे प्रशासनिक मनमानी बताते हुए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि ओंकारेश्वर की भौगोलिक स्थिति अन्य शहरों से अलग है, जहां बड़े उद्योग या रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं हैं। यहां की अधिकांश आबादी पूजा-पाठ, नौका संचालन, छोटे व्यापार एवं श्रम कार्यों पर निर्भर है। ऐसे में भूमि हस्तांतरण से स्थानीय लोगों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, खासकर सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए।

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अंतर सिंह बारे ने कहा कि उनके कार्यकाल में भूमि हस्तांतरण की जानकारी मिलने पर परिषद की सहमति आवश्यक बताई गई थी, लेकिन तत्कालीन प्रशासन ने अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए नेचुरल गार्डन सहित अन्य भूमि आवंटित कर दी, जिसका उन्होंने विरोध भी किया था।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि प्रकाश परिहार ने कहा कि सीमित क्षेत्र वाले नगर में बिना जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए भूमि देना उचित नहीं है। वहीं पार्षद प्रतिनिधि कालूराम केवट ने स्थानीय परिवारों के संभावित विस्थापन पर चिंता व्यक्त करते हुए पार्किंग निर्माण, मार्ग डायवर्जन और वैकल्पिक भूमि उपयोग के सुझाव दिए।

स्थानीय निवासी सुनील बटवाल ने बताया कि ब्रह्मपुरी, विष्णुपुरी और शिवपुरी पहाड़ियों से बने ओंकारेश्वर में भूमि पहले ही कम है। उन्होंने विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, नए पुल, वेटिंग हॉल और पार्किंग सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव रखा।

पूर्व उपाध्यक्ष पंडित नवल किशोर शर्मा ने कहा कि नगर के आधे से अधिक क्षेत्र को संस्कृति विभाग को सौंप देना भविष्य में विकास कार्यों के लिए बाधा बन सकता है। उन्होंने घाट विस्तार, पार्किंग एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने की मांग की।

जनप्रतिनिधियों ने हरिद्वार की तर्ज पर घाट विस्तार, पार्किंग, वेटिंग हॉल और मार्ग चौड़ीकरण जैसे स्थायी विकास कार्यों पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि निर्णय पर पुनर्विचार नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच भूमि आवंटन विवाद अब राजनीतिक और सामाजिक मुद्दा बनता नजर आ रहा है।

## क्रिकेट ट्रायल्स 24 फरवरी को, स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा अवसर

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (सिंधिया कप) 2026 में डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय खंडवा एवं आईसेक्ट समूह की पुरुष क्रिकेट टीम रॉयल निमाड़ ईगल्स के गठन के साथ निमाड़ अंचल के युवाओं के लिए क्रिकेट के क्षेत्र में एक बड़ा अवसर सामने आया है। इसी क्रम में स्थानीय प्रतिभाओं के चयन हेतु 24 फरवरी 2026 को खंडवा के जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड, सूरजकुंड चयन ट्रायल्स आयोजित किए जा रहे हैं। ट्रायल्स सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होंगे, जिसमें निमाड़ एवं आसपास के जिलों के क्रिकेट खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

एमपीएल में पिछले वर्ष प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने के बाद आईसेक्ट समूह ने इस वर्ष टीम स्वामित्व के साथ खेल विकास की दिशा में नई पहल की है। पात्रता के अनुसार, खिलाड़ी की आयु 1 दिसंबर 2025 तक न्यूनतम 19 वर्ष होना आवश्यक है तथा खिलाड़ी का मध्य प्रदेश से संबंध जन्म या स्थायी निवास के आधार पर होना चाहिए। साथ ही, खिलाड़ी 1 दिसंबर 2025 तक किसी भी डिवीजन या एमपीसीए में पंजीकृत नहीं होना चाहिए। स्थानीय खिलाड़ियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर आवश्यक क्रिकेट किट और पहचान दस्तावेजों के साथ ट्रायल्स में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएँ। आईसेक्ट समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि यह ट्रायल्स केवल चयन प्रक्रिया नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के लिए एक दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल दोनों ही व्यक्तित्व निर्माण के महत्वपूर्ण माध्यम हैं और 'रॉयल निमाड़ ईगल्स' के माध्यम से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा।

# जिले में बढ़े 10 हजार से अधिक मतदाता

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलाए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सफल समापन के बाद शनिवार को खंडवा जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में साझा की। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से जिले के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है, जिसके तहत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

अभियान के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो 23 दिसंबर 2025 की स्थिति में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 9,43,613 मतदाता पंजीकृत थे, जो अंतिम प्रकाशन के बाद अब बढ़कर 9,53,692 हो गए हैं। इस दौरान कुल 10,079 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या में अब 4,92,059 पुरुष, 4,61,616 महिलाएं और 17 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। विधानसभा वार स्थिति देखें तो पंधाना विधानसभा क्षेत्र 2,76,914 मतदाताओं के साथ जिले का सबसे बड़ा क्षेत्र है, जिसमें 1,42,887 पुरुष और 1,34,023 महिला मतदाता हैं। इसी प्रकार खंडवा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,46,459 मतदाता, हरसूद में 2,20,532 मतदाता और मांधाता विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,09,787 मतदाता पंजीकृत हैं।

मतदान केंद्रों की व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में जिले में कुल 1,247 मतदान केंद्र क्रियाशील हैं। इनमें पंधाना में सर्वाधिक 345, खंडवा में 324, हरसूद में 298 और मांधाता में 280 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त जिले में कुल 257 सेवा मतदाता भी दर्ज हैं, जिनमें खंडवा विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक 132 मतदाता शामिल हैं। पुनरीक्षण अभियान के दौरान सबसे ज्यादा 3,365 नए नाम खंडवा विधानसभा क्षेत्र में ही जुड़े हैं, जबकि हरसूद में 2,480, पंधाना में 2,147 और मांधाता में 2,087 नए मतदाताओं की वृद्धि हुई है। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यद्यपि अंतिम प्रकाशन हो चुका है, परंतु मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या सुधार की प्रक्रिया एक सतत प्रक्रिया के रूप में निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों और राजनीतिक प्रतिनिधियों से अपील की कि कोई भी पात्र व्यक्ति जो अब भी सूची से बाहर है, वह भारत निर्वाचन आयोग के एकीकृत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। साथ ही ऑफलाइन माध्यम से बूथ लेवल अधिकारी के पास जाकर निर्धारित दस्तावेजों के साथ फॉर्म 6, 7 या 8 जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।